संख्या–वे0आ0–2–1123/ दस–54(एम) / 2008टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
विशेष सचिव, वित्त,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–2 लखनऊ : दिनांक : 05 अगस्त, 2011

**विषयः–** वेतन समिति (2008) के दसवें प्रतिवेदन (भाग–3) भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के सम्बन्ध में की गयी विस्तृत संस्तुतियों पर लिये गये निर्णयों के कार्यान्वयन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है वेतन समिति द्वारा भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के सम्बन्ध में दसवें प्रतिवेदन (भाग–3) में दी गयीं संस्तुतियों पर निम्न निर्णय लिये गये हैं :––

(1) विभाग के अन्तर्गत विद्यमान निदेशालय, अधीनस्थ कार्यालयों में विद्यमान सामान्य कोटि के पदों यथा–चतुर्थ श्रेणी के पद (अनुसेवक / चपरासी), लिपिकीय संवर्ग, आशुलिपिक संवर्ग, वाहन चालक संवर्ग, आदि संवर्ग के पदों पर समिति द्वारा सामान्य कोटि के पदों के सम्बन्ध में अलग से लिये गये निर्णय के अनुसार वेतनमान अनुमन्य कराये जायें।

(2) विभाग के संगठनात्मक ढ़ॉचें को देखते हुए पूर्व में लिये गये निर्णय के अनुसार निदेशक पद पर उच्चीकृत वेतनमान रू0 16400–20000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में सादृश्य वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराया जाय।

(3) विभिन्न शाखाओं के प्राविधिक सहायक के पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4600 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराया जाय।

(4) विभाग में अपर निदेशक का एक पद पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 एवं ग्रेड वेतन रू0 8700 रखा जाय। इस पद को 03 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त संयुक्त निदेशक, मुख्य रसायनज्ञ और मुख्य खान अधिकारी के पदो से पदोन्नति द्वारा भरे जाने की व्यवस्था निर्धारित की जाय।

(5) ज्येष्ठ भू रसायनज्ञ तथा रसायनज्ञ के पदों को तत्काल प्रभाव से संविलीन करते हुए रसायनज्ञ पदनाम से पद रखे जायें।

(6) उप निदेशक के पदों को संयुक्त निदेशक के पदों में तत्काल प्रभाव से संविलीन किया जाय तथा इसके पोषक पदों में भू भौतिकविद् के पद को सम्मिलित किया जाय।

(7) भू रसायनज्ञ के पद का पदनाम तत्काल प्रभाव से सहायक रसायनज्ञ रखा जाय।

(8) भू रसायनज्ञ(भू विज्ञान) के एकल पद को शत–प्रतिशत सीधी भर्ती द्वारा पूर्व निर्धारित अर्हता वाले अभ्यर्थियों से आयोग के माध्यम से भरे जाने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निर्धारित करते हुए इस पद को भू वैज्ञानिक पदों के पोषक पदों में शामिल किया जाय।

(9) वेधन अभियन्ता के 01 पद को उच्चीकृत कर वरिष्ठ वेधन अभियन्ता पदनामित करते पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 एवं ग्रेड वेतन रू0 7600 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराते हुए इसे 05 वर्ष की सेवा वाले वेधन अभियन्ता के पदधारकों से पदोन्नति कर भरे जाने की व्यवस्था निर्धारित की जाय।

(10) वेधक पद की अनिवार्य अर्हता हाईस्कूल के साथ मैकेनिकल/ड्रिलिंग/खनन अभियान्त्रिकी में 03 वर्षीय डिप्लोमा एवं डायमण्ड कोर ड्रिलिंग में 01 वर्ष के अनुभव निर्धारित की जाय।

(11) वेधन सहायक पद की पूर्व निर्धारित अर्हता के स्थान पर हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0 से मशीनिष्ट/फिटर/डीजल मैकेनिक/मोटर मैकेनिक का 02 वर्षीय प्रमाण पत्र तथा डामण्ड कोर ड्रिलिंग में 02 वर्ष का अनुभव तथा डीजल इंजनों के अनुरक्षण का 01 वर्ष का अनुभव की अर्हता निर्धारित की जाय।

(12) ड्रिल आपरेटर एवं जैक हैमर ड्रिलर पदों के लिये पूर्व निर्धारित शैक्षिक अर्हता जूनियर हाईस्कूल के स्थान पर हाईस्कूल निर्धारित की जाय। इन पदों हेतु पूर्व निर्धारित अनुभव की अर्हता को यथावत् बनाये रखा जाय। इस संवर्ग के अन्य पदों यथा–ड्रिल हेल्पर, पम्प परिचर तथा वेल्डर पदों पर सीधी भर्ती हेतु निर्धारित शैक्षिक अर्हता कक्षा–5 के स्थान पर कक्षा–8 निर्धारित करते हुए पूर्व निर्धारित अनुभव एवं तकनीकी अर्हता को पूर्ववत् बनाये रखा जाय।

(13) सर्वेक्षक के कुल 21 पदों में से 13 पदों को तत्काल प्रभाव से सर्वेक्षक पदनाम से पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–1 रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2400 में तथा शेष 08 पदों को वरिष्ठ सर्वेक्षक पदनाम से वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4200 में रखा जाय। सर्वेक्षक के पदों को किसी मान्यता प्राप्त संस्था से सर्वे का आई0टी0आई0 का 02 वर्षीय प्रमाण पत्र की अर्हता धारियों से सीधी भर्ती द्वारा भरा जाय। वरिष्ठ सर्वेक्षक के 50 प्रतिशत पदों को सिविल

अभियान्त्रिकी में 03 वर्षीय डिप्लोमा के अर्हताधारियों से सीधी भर्ती द्वारा तथा शेष 50 प्रतिशत पदों को 05 वर्ष की सेवा वाले सर्वेक्षक के पदों से पदोन्नति द्वारा भरे जाने की व्यवस्था निर्धारित की जाय।

उपर्युक्त पुनर्गठन इस प्रतिबन्ध के अधीन किया जाय कि वर्तमान में सर्वेक्षक पदों के ऐसे पदधारक जो वेतनमान रु0 4500–7000 के सादृश्य पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–1, रु0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रु0 2800/– में कार्यरत हैं, उन पदधारकों को मिल रहा उक्त वेतनमान वैयक्तिक रूप से अनुमन्य रहेगा, परन्तु सर्वेक्षक पद पर भविष्य में नियुक्तियॉं वेतन बैण्ड–1 रू0 5200–20200 एवं ग्रेड वेतन रू0 2400 में ही की जायेंगी। उपर्युक्त पुनर्गठन के उपरान्त अधिकारी सर्वेक्षक पद के पोषक पद में सर्वेक्षक के स्थान पर वरिष्ठ सर्वेक्षक प्रतिस्थापित किया जाय।

(14) प्रभारी अधिकारी नक्शा के एकल पद को 04 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त ज्येष्ठ नक्शा नवीस के पदों के पदधारकों से पदोन्नति कर भरे जाने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से निर्धारित की जाय।

(15) खान निरीक्षक पद के लिये सीधी भर्ती हेतु मान्यता प्राप्त संस्था से खनिकर्म अभियान्त्रिकी में डिप्लोमा के साथ सम्बन्धित क्षेत्र का 02 वर्ष का अनुभव की अर्हता निर्धारित करते हुए इस पद पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 एवं ग्रेड वेतन रू0 4600 तत्काल प्रभाव से अनुमन्य कराया जाय।

उपरोक्तानुसार पुनर्गठन किये जाने के उपरान्त सामान्य कोटि के पदों को छोड़कर विभाग में संवर्गीय पदों का ढ़ॉचा निम्नानुसार हो जायेगा :–

## मुख्यालय संवर्ग

| क्रम सं0 | पदनाम/ पदों की संख्या | वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन (रू0) | भर्ती की विधि/ अर्हता |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | निदेशक (01) | 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 8900 | मौलिक रूप से नियुक्त अपर निदेशक के पद से पदोन्नति द्वारा। अनुपलब्धता की स्थिति में 05 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त संयुक्त निदेशक, मुख्य रसायनज्ञ और मुख्य खान अधिकारी के पदो से पदोन्नति द्वारा। |
| 2 | अपर निदेशक (01) | 37400–67000 ग्रेड वेतन रू0 8700 | 03 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त संयुक्त निदेशक, मुख्य रसायनज्ञ और मुख्य खान अधिकारी के पदो से पदोन्नति द्वारा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 3 | संयुक्त निदेशक (02) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600 | 05 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त भू वैज्ञानिक एवं भू भौतिकविद् के पदों से पदोन्नति द्वारा। |

## रसायन संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | मुख्य रसायनज्ञ (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600 | 05 वर्ष की सेवा वाले रसायनज्ञ के पदों से पदोन्नति द्वारा। |
| 5 | रसायनज्ञ (04) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600 | 05 वर्ष की सेवा वाले सहायक रसायनज्ञ के पदों से पदोन्नति द्वारा। |
| 6 | सहायक रसायनज्ञ (11) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंको सहित रसायन विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि तथा सम्बन्धित क्षेत्र का 02 वर्ष का अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले प्राविधिक सहायक (रसायन) के पदों से पदोन्नति द्वारा। |
| 7 | प्राविधिक सहायक (रसायन) (18) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4600 | सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित रसायन शास्त्र में एम0एस0सी0 की उपाधि। |

## भू विज्ञान संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | भू वैज्ञानिक (11) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600 | 05 वर्ष की सेवा वाले सहायक भू वैज्ञानिक एवं भू रसायनज्ञ (भू विज्ञान) के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 9 | सहायक भू वैज्ञानिक (26) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित भूगर्भ शास्त्र या प्रायोगिक भूगर्भ शास्त्र में स्नातकोत्तर उपाधि या इण्डियन स्कूल आफ माइन्स एण्ड अप्लाइड जियोलाजी धनबाद से प्रायोगिक भूगर्भ शास्त्र में डिप्लोमा की उपाधि।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त प्राविधिक सहायक (भू विज्ञान) के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 10 | भू रसायनज्ञ (भू विज्ञान) (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित भू विज्ञान या प्रयुक्त भू विज्ञान में स्नानकोत्तर उपाधि तथा खनिज अन्वेषण से सम्बन्धित भू |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | रसायनिक क्षेत्र के कार्य का 02 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव या एम0एस0सी0 स्तर पर विशिष्ट पाठ्यक्रम के फलस्वरूप प्राप्त भू रसायन विज्ञान का प्रगाढ़ ज्ञान। |
| 11 | प्राविधिक सहायक (भू विज्ञान) (20) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4600 | सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित भू गर्भ शास्त्र या प्रायोगिक भूगर्भ शास्त्र में एम0एस0सी0/ समकक्ष उपाधि या इण्डियन स्कूल आफ माइन्स एण्ड अपलाइड जियोलाजी धनबाद से प्रायोगिक भूगर्भ शास्त्र में डिप्लोमा। |

## भू भौतिकी संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 12 | भू भौतिकविद् (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600 | 05 वर्ष की सेवा वाले सहायक भू भौतिकविद् के पदों से पदोन्नति द्वारा। |
| 13 | सहायक भू भौतिकविद् (04) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित भू भौतिकी या प्रयुक्त भू भौतिकी या भू विज्ञान या प्रयुक्त भू विज्ञान में स्तानकोत्तर उपाधि परन्तु भू विज्ञान/ प्रयुक्त भू विज्ञान की स्नातकोत्तर उपाधि की दशा में बी0एस0सी0 में भौतिक विज्ञान और गणित विषय रहा हो एवं सम्बन्धित क्षेत्र के उपकरणों का प्रयोग करने का व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा सम्बन्धित क्षेत्र का 01 वर्ष का अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त प्राविधिक सहायकों (भू भौतिकी) के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 14 | प्राविधिक सहायक (भू भौतिकी) (04) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4600 | 75 प्रतिशत सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–50 प्रतिशत अंकों सहित भू भौतिकी, भू गर्भ शास्त्र या प्रायोगिक भू गर्भ शास्त्र में एम0एस0सी0 की उपाधि बी0एस0सी0 में भौतिकशास्त्र व गणित सहित।<br>25 प्रतिशत पद 05 वर्ष की सेवा वाले कनिष्ठ प्राविधिक सहायक (भू भौतिकी) के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 15 | कनिष्ठ प्राविधिक सहायक भू | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 | सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–भौतिक शास्त्र और भूगर्भ शास्त्र/ गणित के साथ बी0एस0सी0 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | भौतिकी (02) | | उपाधि।<br>(अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति हेतु एक पद को आस्थगिम करते हुए विशेष कार्याधिकारी के निःसंवर्गीय पद का सृजन किया गया है) |

## वेधन संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 16 | वरिष्ठ वेधन अभियन्ता (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600 | 05 वर्ष की सेवा वाले वेधन अभियन्ता के पद से पदोन्नति द्वारा। |
| 17 | वेधन अभियन्ता (02) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600 | 05 वर्ष की सेवा वाले सहायक वेधन अभियन्ता के पद से पदोन्नति द्वारा। |
| 18 | सहायक वेधन अभियन्ता (02) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–खनिकर्म या यान्त्रिक अभियन्त्रण में उपाधि के साथ विभिन्न शैल समूह में डामण्ड ड्रिलिंग का कम–से कम 02 वर्ष का व्यवहारिक अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले ड्रिलर के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 19 | वेधक (ड्रिलर) (17) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती आयोग के माध्यम से। अर्हता– हाईस्कूल के साथ मैकेनिकल/ ड्रिलिंग/खनन अभियान्त्रिकी में 03 वर्षीय डिप्लोमा एवं डायमण्ड कोर ड्रिलिंग में 01 वर्ष के अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 15 वर्ष की सेवा वाले वेधन सहायक के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 20 | वेधन सहायक (23) | 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती। अर्हता– हाईस्कूल एवं आई0टी0आई0 से मशीनिष्ट/फिटर/ डीजल मैकेनिक/मोटर मैकेनिक का 02 वर्षीय प्रमाण पत्र तथा डामण्ड कोर ड्रिलिंग में 02 वर्ष का अनुभव, डीजल इंजनों के अनुरक्षण का 01 वर्ष का अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 08 वर्ष की सेवा वाले ड्रिल आपरेटर/मैकेनिक के ऐसे पदो जो सम्बन्धित मशीनों के अनुरक्षण में लगें हो, के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 21 | ड्रिल आपरेटर (30) | 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 1900 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती। अर्हता– हाईस्कूल तथा डामण्ड कोर ड्रिलिंग में 03 वर्ष का अनुभव। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत पद ड्रिल हेल्परों एवं पम्प परिचर के पदों से पदोन्नति द्वारा। |

## खनन संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | मुख्य खान अधिकारी (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 7600 | 05 वर्ष की सेवा वाले ज्येष्ठ खान अधिकारी के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 23 | ज्येष्ठ खान अधिकारी (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 6600 | 05 वर्ष की सेवा वाले खान अधिकारी के पद के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 24 | खान अधिकारी (10) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से । अर्हता–खनन अभियन्त्रण में डिग्री अथवा खनन अभियन्त्रण में 03 वर्ष का डिप्लोमा तथा खनिज संचालन के पर्यवेक्षण का 01 वर्ष का अनुभव तथा खनिज समानुदानों से सम्बन्धित कार्य करने का 02 वर्ष का अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले खान निरीक्षक के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 25 | खान निरीक्षक (46) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4600 | सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–मान्यता प्राप्त संस्था से खनन अभियन्त्रण में डिप्लोमा तथा खनिकर्म का निरीक्षण करने और खनिकर्म विधि को लागू करने करने का 02 वर्ष का अनुभव। |

## सर्वेक्षण संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 26 | अधिकारी सर्वेक्षक (02) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–लोक सेवा आयोग के माध्यम से। अर्हता–सिविल इन्जीनियरिंग में 03 वर्ष का डिप्लोमा तथा कम से कम 02 वर्ष का सर्वेइंग का अनुभव अथवा मान्यता प्राप्त संस्था से 60 प्रतिशत अंको सहित सर्वेइंग प्रमाण पत्र तथा पर्वतीय क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी से टोफोग्राफिक्स सर्वेइंग एवं ट्रेग्युलेशन में 05 वर्ष का अनुभव।<br>50 प्रतिशत पद 04 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त वरिष्ठ सर्वेक्षक के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 27 | वरिष्ठ सर्वेक्षक (08) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 | 50 प्रतिशत सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–सिविल अभियान्त्रिकी में 03 वर्षीय डिप्लोमा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | 50 प्रतिशत पद 05 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त सर्वेक्षक के पद के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा। |
| 28 | सर्वेक्षक (13) | 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2400 | सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता–मान्यता प्राप्त संस्थान से दो वर्ष के सर्वेक्षण शिल्पकारिता में डिप्लोमा या प्रमाण पत्र। |

मानचित्रण संवर्ग

| | | | |
|---|---|---|---|
| 29 | प्रभारी अधिकारी नक्शा (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | 04 वर्ष की सेवा वाले मौलिक रूप से नियुक्त ज्येष्ठ नक्शा नवीस के पदों के पदधारकों से पदोन्नति द्वारा । |
| 30 | ज्येष्ठ नक्सा नवीस (05) | 9300–34800 ग्रेड वेतन रू0 4200 | 06 वर्ष की सेवा वाले स्थायी रूप से नियुक्त नक्सा नवीस के पदों से पदोन्नति द्वारा। |
| 31 | नक्सा नवीस (11) | 5200–20200 ग्रेड वेतन रू0 2400 | सीधी भर्ती–आयोग के माध्यम से। अर्हता– नक्सा नवीसी में डिप्लोमा या किसी मान्यता प्राप्त संस्था से नक्सा नवीसी में कम–से–कम 02 वर्ष का पाठ्यकम का प्रमाण पत्र। |

अन्य पद

| | | | |
|---|---|---|---|
| 32 | प्रभारी अधिकारी (एक्सरे) (01) | 15600–39100 ग्रेड वेतन रू0 5400 | सीधी भर्ती –आयोग के माध्यम से। अर्हता– 50 प्रतिशत अंको के साथ भौतिक विज्ञान में स्नातकोत्तर उपाधि तथा चट्टानों और खनिजों के एक्सरे अध्ययन से सम्बन्धित इलेक्ट्रानिक उपकरणों के अनुरक्षण और प्रयोग का दो वर्ष का अनुभव। |

(16) विभाग के अन्य पदों पर कोई विसंगति परिलक्षित नहीं होती है। इन पदों पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में अनुमन्य हो रहे सादृश्य वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन यथावत् रखें जायें।

2– कृपया उपर्युक्त निर्णय के कार्यान्वयन हेतु आवश्यक शासनादेश वित्त विभाग की सहमति से निर्गत करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( अजय अग्रवाल )
विशेष सचिव।

संख्या–वे0आ0–2–1123(1)/दस–54(एम)/2008टी0सी0, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :––

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग–1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।
(3) निदेशक, एन0आई0सी0, छठा तल, योजना भवन, लखनऊ को शासनादेश वित्त विभाग की वेब साइट पर डाले जाने हेतु।

आज्ञा से,

( नरेन्द्र कुमार )
संयुक्त सचिव।